# नो-एंट्री में राहत नहीं मिलने से ट्रांसपोर्ट कारोबारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

- माल बुकिंग और डिलीवरी बंद, ट्रकों के पहिए थमे
- शहरभर में कारोबार पर असर




नव भारत न्यूज

**इंदौर. नो-एंट्री के नियमों में राहत नहीं मिलने से नाराज ट्रांसपोर्ट कारोबारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए. शहर की प्रमुख सड़कों और ट्रांसपोर्ट नगरों में ट्रकों के पहिए थम गए हैं. माल बुकिंग और डिलीवरी पूरी तरह बंद है.**

एसोसिएशन ऑफ पार्सल ट्रांसपोर्ट एंड फ्लीट ऑनर्स के अध्यक्ष राकेश तिवारी और सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि अधिकारियों ने राहत का भरोसा तो दिया, लेकिन जब तक प्रशासन की ओर से लिखित आदेश जारी नहीं होता, काम शुरू नहीं किया जाएगा. इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बग्गा और सचिव पवन शर्मा ने बताया कि हड़ताल में सभी ट्रांसपोर्टर, हम्माल, मैकेनिक और ऑटो पार्ट्स कारोबारी शामिल हैं. हड़ताल का असर लोहा मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर, देवास नाका, पोलोग्राउंड, पंचकुड्या और दावा तादाद जैसे क्षेत्रों में सबसे ज्यादा दिखाई दे रहा है. इन इलाकों में ट्रक खड़े हैं और सब्जी व अनाज मंडी तक माल की सप्लाई नहीं पहुंच रही. कारोबारी संगठन का कहना है कि प्रशासन को नो-एंट्री के नियमों पर व्यवहारिक और उद्योग-अनुकूल निर्णय लेना चाहिए, ताकि प्रदेश की औद्योगिक राजधानी इंदौर में व्यापार पर विपरीत असर न पड़े.

## स्टील अथॉरिटी के वाहनों को सशर्त अनुमति

इंदौर. जिला प्रशासन ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के अधिकृत हैंडलर को लक्ष्मीबाई नगर रेलवे माल गोदाम पर आने वाले स्टील माल की हैंडलिंग और परिवहन के लिए भारी वाहनों के संचालन की सशर्त अनुमति दी है. कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक, इन वाहनों को सुबह 9 से 12 बजे और शाम 7 से 9 बजे के बीच शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी. अन्य समय में वाहनों का आवागमन किया जा सकेगा. अनुमति इस शर्त पर दी गई है कि प्रत्येक वाहन के दस्तावेज पूर्ण व वैध हो, चालक के पास हैवी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस हो, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाया जाए और सभी चालकों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए. किसी भी शर्त का उलंघन होने पर संचालक संस्था और वाहन मालिक जिम्मेदार होंगे. अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य यातायात को सुचारू रखना और औद्योगिक कार्यों को बाधारहित जारी रखना है.

# एमवाय अस्पताल में मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपी रंगेहाथ धराए



**इंदौर. एमवाय अस्पताल में मरीजों और परिजनों के मोबाइल चोरी करने वाले दो युवकों को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. आरोपियों ने इससे पहले भी एक मोबाइल चोरी की थी, लेकिन जब वे दोबारा वारदात करने पहुंचे तो पहचान लिए. पुलिस ने आरोपियों से चोरी का मोबाइल बरामद कर लिया है.**

विजय पुत्र मोहनलाल ढोली खजूरी पंथ, सामगढ़, मंदसौर की शिकायत पर नरेन्द्र पुत्र उमराव सिंह गांधी नगर और सौरभ उर्फ अजय पुत्र मेहरबान सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. विजय ने बताया कि उनकी मां धापूबाई का एक्सीडेंट हुआ था और वे अस्पताल की चौथी मंजिल पर भर्ती थीं. 3 अक्टूबर को मोबाइल चार्जिंग पर लगा था, उसी दौरान आरोपियों ने मौका देखकर मोबाइल चुरा लिया था. रविवार को विजय ने दोनों आरोपियों को अस्पताल गेट पर देखा और एक को पकड़ लिया. शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने दूसरे आरोपी को भी दबोच लिया. पुलिस अब दोनों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने और कहां-कहां चोरी की वारदातें की हैं.

## एक नजर में

### लड़की ने जहर खाया, इलाज के दौरान मौत



इंदौर. सुंदर नगर में रहने वाली 19 वर्षीय स्नेहा हिरवे ने जहर खाने के बाद कल रात तबियत बिगड़ने पर बड़े अस्पताल में भर्ती कराई गई थी, लेकिन रात दो बजे उसकी मौत हो गई. परिवार का कहना है कि स्नेहा हाल के दिनों में गुमसुम थी और ज्यादा किसी से बातचीत नहीं करती थी. तीन साल पहले उसने पढ़ाई छोड़ दी थी और घर पर ही रहती थी. मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है.

### महू नगर परिषद कर्मचारी ने कुएं में कूदकर दी जान



महू. किशनगंज थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर नगर परिषद के एक कर्मचारी ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली. यह घटना महू गांव में हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने खटिया में रस्सी बांधकर शव को कुएं से बाहर निकाला। यह घटना दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है. किशनगंज थाने के सब इंस्पेक्टर आर.एस. चौहान ने बताया कि मृतक की पहचान शंकर (55) पिता रतन के रूप में हुई है, जो महू गांव का ही निवासी था. शंकर महू गांव नगर परिषद में नल और मोटर सुधारने का काम करता था. बताया गया कि शंकर आज भी महू गांव के एक कुएं की मोटर ठीक करने गया था. उसने अपना मोबाइल कुएं के ऊपर रखा और फिर कुएं में छलांग लगा दी. उसके घर में कोई नहीं था। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है.

### राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अध्ययन करें : ब्रिगेडियर



महू. भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में एनसीसी ग्रुप इंदौर के पूर्व ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आकाशदीप भनोट, सेना मेडल ने महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स से आव्हान किया कि कैडेट्स राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अध्ययन करें. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महाविद्यालय में कैडेट्स के लिए कैरियर काउंसलिंग एवं रोजगार की संभावना विषय पर आज ब्रिगेडियर आकाशदीप भनोट, (सेना मेडल) की पत्नि श्रीमती टीना भनोट ने कैडेट्स को विस्तार से जानकारी दी. श्रीमती टीना भनोट ने कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के कैडेट्स को उनके विषय चयन तथा अध्यापन के आधार पर रोजगार की संभावना के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर ब्रिगेडियर भनोट ने कैडेट्स को समय प्रबंधन तथा अनुशासन के साथ अपना प्रत्येक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कैडेट्स से आग्रह किया कि वे अपना अध्यापन राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ पूर्ण करें, ताकि हमारा देश विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण कर सके. कार्यक्रम में मेजर डॉ कृष्णा भूरिया, डॉ जगदीश कन्नौजे, डॉ मुकेश बडोले, डॉ. एच एस मंडलोई, डॉ. यशवंत निगवाल तथा विशेष रूप से उपस्थित थे. का संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. शैलेंद्र पिपरिया ने किया. आभार मेजर डॉ संजय सोहनी द्वारा व्यक्त किया.

### मीणा समाज का दशहरा मिलन समारोह आयोजित



महू. मध्य प्रदेश मीणा समाज उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया श्याम नगर इंदौर में मीणा समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया. इस मौके पर समाज के नवनियुक्त इंदौर जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा एवं मीणा समाज युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष योगेश पटेल का स्वजातीय बंधुओं ने स्वागत किया. नई जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर विचार-विमर्श हुआ. प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा ने कहा कि कार्यकारिणी में सक्रिय लोगों को ही प्राथमिकता दी जाएगी. इंदौर में समाज की धर्मशाला निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई. जिलाध्यक्ष श्री मीणा ने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करुंगा., समारोह में प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा, उपाध्यक्ष जुगनू जादव सिंह धनावत, युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष योगेश पटेल, पत्रकार अजय बारवाल, रमेश धनावत, शेषराम मीणा, भवानीसिंह मारसाब सहित अनेक स्वजातीय बंधु एवं माता- बहनें उपस्थित थीं. संचालन दुर्गाप्रसाद शीवगण ने किया. आभार ज़िला अध्यक्ष सुभाष मीणा ने माना.

### बड़गोंदा पुलिस ने पकड़ा एक किलो गांजा, युवक गिरफ्तार

महू. रविवार रात को बड़गोंदा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बाइक सवार युवक से एक किलो गांजा बरामद किया है. आरोपी युवक बेटमा से गांजा लाकर बड़गोंदा में सप्लाई करने के इरादे से जा रहा था।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बड़गोंदा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक पर बैग में बड़ी मात्रा में गांजा लेकर आ रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की और बड़गोंदा से नखेरी नदी जाने वाले मार्ग पर उसे रोका. तलाशी के दौरान युवक के बैग से एक किलो गांजा बरामद हुआ.

# नो एंट्री में घुसे 37 भारी वाहन पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

- प्रशासन ने दी सख्त हिदायत
- तय समय पर ही चलाएं ट्रक-ट्राले

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई में जुटी है. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीमों ने नो एंट्री में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों पर विशेष निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई की है. जिसके तहत नो एंट्री में घुसे 37 वाहनों पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई की.




अनुसार दो दिनों की कार्रवाई में 4 अक्टूबर की सुबह से 6 अक्टूबर की सुबह तक 37 भारी वाहनों को नो एंट्री क्षेत्र में पकड़ा. पुलिस ने इन सभी चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए स्पष्ट हिदायत दी कि वे शहर में निर्धारित समय सीमा के बाहर भारी वाहन लेकर न आएं. यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को समझाइश दी कि शहर के प्रतिबंधित मार्गों पर नियमों का पालन करें और प्रशासन द्वारा तय समय के अनुसार ही वाहन संचालन करें, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो. अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की निगरानी लगातार जारी रहेगी और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.

# सुनसान सड़क पर डकैती की साजिश नाकाम, चार गिरफ्तार

- नाले में कूदकर भागे थे आरोपी
- पुलिस ने दौड़ लगाकर धरदबोचा



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** परदेशीपुरा पुलिस की तत्परता से शहर में संभावित डकैती की बड़ी वारदात टल गई. पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वे एमआर-04 रोड पर सुनसान इलाके में डकैती की योजना बना रहे थे. पकड़े गए आरोपियों के पास से बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल और दो धारदार चाकू जब्त किए गए हैं. बदमाश पुलिस से बचने के लिए नाले में कूद गए थे, लेकिन टीम ने दौड़ लगाकर उन्हें वहीं से धरदबोचा जबकि उनका एक साथी मौके से फरार हो गया पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर में सक्रिय अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है. जिसके तहत डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक, एडीसीपी अमरेंद्र सिंह और एसीपी परदेशीपुरा हिमानी मिश्रा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई. पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश एमआर-04 रोड स्थित साईं मंदिर के पास डकैती की योजना बना रहे हैं. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की. पुलिस को देखते ही आरोपी बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से भागने लगे और नाले में कूद गए. 25 वर्षीय आदर्श तिवारी निवासी फिरोज गांधी नगर, 25 वर्षीय राज वर्मा निवासी शीलनाथ कैंप, 24 वर्षीय राकेश रायकवार निवासी नई जीवन की फेल और 32 वर्षीय नागेश वाघ निवासी शिवाजी नगर को पुलिस ने पीछा कर गिरफ्तार कर लिया.

## बिना नंबर की प्लेट का किया इस्तेमाल

थाना प्रभारी ने बताया कि सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिन पर पहले से विभिन्न धाराओं में दो दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वे सुनसान इलाकों में आने-जाने वालों से मोटरसाइकिल, मोबाइल, नकदी और अन्य कीमती सामान लूटने की योजना बना रहे थे. डकैती के लिए आरोपियों ने बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया ताकि उनकी पहचान न हो सके. पुलिस ने उनके कब्जे से एक बाइक और दो चाकू जब्त किए हैं,फरार साथी की तलाश की जा रही है. थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनसे अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना है. पुलिस अब उनके आपराधिक नेटवर्क की भी जांच कर रही है.

# भगवान राम के तमिलनाडु में पुतला दहन पर प्रदर्शन

**इंदौर. दशहरे के दिन तमिलनाडु के त्रिची जिले के थिरुविरुंबुर ब्लॉक के गुंटूर गांव में स्थानीय लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का पुतला जलाया. यह घटना उस समय सामने आई जब स्थानीय लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हुए पुतले पर जूते और चप्पल फेंककर उसे दहन किया.**



इस घटना को लेकर इंदौर में दलित समाज और सनातनी हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश देखने को मिला. अखिल भारतीय बलाई महासंघ के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सुबह गौपुर कॉलोनी चौराहा से चाणक्यपूरी चौराहा तक विरोध प्रदर्शन निकाला. प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने अर्थी, अधजली कंडा और मटकी रखकर विरोध जताया और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की. कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनकारियों ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुतले की प्रतीकात्मक तोड़फोड़ और जला कर विरोध प्रकट किया.पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया और प्रदर्शन स्थल पर शांति बनाए रखने का प्रयास किया. अधिकारियों ने कहा कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली किसी भी घटना की सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी.

# यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : डीआईजी रेल

- जीआरपी इंदौर की अपराध समीक्षा बैठक में तुरंत कार्रवाई और संवेदनशील पुलिसिंग के निर्देश



नव भारत न्यूज

**इंदौर. रेलवे पुलिस इकाई इंदौर में सोमवार को अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता डीआईजी रेल मध्य प्रदेश, पंकज श्रीवास्तव ने की. बैठक में एसपी रेल इंदौर पद्म विलोचन शुक्ल, डीएसपी रेलवे ज्योति शर्मा सहित जीआरपी इंदौर के सभी थाना और चौकी प्रभारी उपस्थित रहे.**

बैठक में रेल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, यात्रियों की सुरक्षा और सेवा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई. डीआईजी श्रीवास्तव ने अधिकारियों को चोरी के मामलों में बरामदगी प्रतिशत बढ़ाने, सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का तुरंत निराकरण करने, लंबित अपराध, चालान और मर्ग प्रकरणों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए. उन्होंने गुम बालक-बालिकाओं की खोज, स्थाई वारंटों की तामीली, विभागीय जांच और रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया. साथ ही कहा कि रनिंग ट्रेन में दर्ज शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. डीआईजी श्रीवास्तव का कहना है कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. प्रत्येक पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करे, ताकि यात्रियों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो. उन्होंने थाना प्रभारियों को स्टेशन और ट्रेनों में सतत गश्त व्यवस्था बनाए रखने और यात्री-अनुकूल पुलिसिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए. बैठक के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सराहा तथा आगामी त्रैमासिक समीक्षा बैठक तक ठोस और सुधारात्मक परिणाम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.



# राजबाड़ा क्षेत्र में वन-वे तोड़ने पर 42 ऑटो व ईरिक्शा चालकों पर कार्रवाई

**इंदौर. ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को राजवाड़ा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया. इस दौरान वन-वे नियम का उल्लंघन करने वाले 42 से अधिक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई.**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के तहत यातायात नियंत्रण कक्ष पश्चिम की प्रभारी निरीक्षक राधा यादव, निरीक्षक सीमा भंडारी, सूबेदार योगेश मिश्रा और उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह सिसोदिया ने राजवाड़ा क्षेत्र में भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कई चालक वन-वे दिशा में विपरीत दिशा से वाहन चलाते मिले, जिन पर तत्काल चालानी कार्रवाई की गई. यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे वन-वे, नो पार्किंग और ट्रैफिक संकेतों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं और जाम की स्थिति से बचा जा सके. पुलिस ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

हठधर्मिता ▶ वार्ड 7 के रामगंज क्षेत्र के रहवासी होते हैं परेशान

# सफाईकर्मी कर रही मनमानी, नियमित नहीं होती सफाई



**इंदौर. जहां तक स्वच्छता की बात है तो इसके लिए दिन रात शहर के मुख्य सड़कों पर सफाई कर्मी कार्य करते दिखाई देते हैं. लेकिन जब शहर के क्षेत्रों में जाकर लोगों के बात की जाए तो पता चलता है कि सफाई को लेकर सफाईकर्मियों की मनमानी से लोग कितने परेशान होते हैं.**

क्षेत्र की सफाई को लेकर वार्ड कमांक 7 से एक मामला सामने आया है, जहां सफाई कर्मी अपनी मनमानी करते है. यहां वार्ड जिंसी क्षेत्र में आता है. वार्ड के राम गंज में कई गलियां है, जहां कचरा संग्रहण वाहन नियमित समय पर पहुंचता है लेकिन जब सड़क पर फैलें कचरे पर नज़र पड़ती है तो सफाई को लेकर कुछ और ही बात सामने आई. क्षेत्रवासियों से बात करने पर पता चला कि स्वच्छता को लेकर जो सुविधा मिलनी चाहिए वहां लोगों को नहीं मिल पा रही है. सड़कों की सफाई करने वाली महिला सफाईकर्मी अपनी मनमानी करते हुए क्षेत्र की कई गलियों की सड़कों की सफाई नहीं करती है. सफाई को लेकर जब उक्त महिलाकर्मी को अपना कार्य करने को कहा जाता है तो वहां सड़क सफाई को लेकर रहवासियों से शुल्क मांगती है. सफाईकर्मी की इस मनानी से लोग काफी नाराज़ तो है ही, साथ ही गंदगी से परेशान भी है.

## इनका कहना है...



नियमित तौर और समय पर क्षेत्र की सड़कों पर झाड़ू लगनी चाहिए. यह तो ऐसा है कि एक दिन सफाई के बाद चार दिन सफाईकर्मी छुट्टी करता है. ये तो मनमानी है.

– मोहित यादव



कभी सफाईकर्मी आ भी जाए है तो उपर-उपर से कचरा सोरती है. बाकी कचरा चेंबर में डाल जाती है जिसके चेंबर चौक होते हैं. महिलाकर्मी महीने के रूपए मांगती है.

– सावित्री प्रजापत



नर्मदा नल आते हैं और कचरा गाड़ी आती है लेकिन सफाई करने वाली दूर से ही लौट जाती है. उसे कई बार कहा कि यहां भी सफाई करें लेकिन अनसुनी कर देती है.

– राम राठौर